कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला इन्दौर

क्रमांक / योजना / 2023 / 4443 इन्दौर दिनांक 16/6/23

प्रति,

समस्त संकुल प्राचार्य
शास.उमावि / हाईस्कूल
जिला इन्दौर

विषयः–शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलो में प्रथम स्थान पाने वाली बालिकाओ एवं बालक को निःशुल्क ई–स्कूटी / आईसीईएस (मोटरराईढ) प्रदाय किये जाने बाबद।

संदर्भः– संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के पत्र क्र./योजना/ई–स्कूटी/2023–24/501 भोपाल दिनांक 16.6.2023

—— 000 ——

उपरोक्त संदर्भित विषयान्तर्गत लेख है कि शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाली बालिकाओ एवं बालको को माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा कमांक सी 2047 के कम कक्षा 12 वी में टॉप करने पर विद्यार्थियो को निःशुल्क ई–स्कूटी योजना अंतर्गत प्रारम्भिक दिशा निर्देश पत्र के संलग्न है।

अतः आपको आदेशित किया जाता हैं कि अपने संकुल अंतर्गत विमर्श पार्टल के प्राचार्य लांगिन में दी गई लिंक पर विद्यालय में कक्षा 12 वी में टॉप करने वाले पात्र बालक–बालिकाओ की जानकारी आज ही प्रविष्ट किया जाना सुनिश्चित करे। विलंब के लिये आप स्वंय उत्तरदायी रहेंगे।

उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करे।

संलग्नः– दिशा निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला इन्दौर

पृ.क्रमांक / योजना / 2023 / 4444 **इन्दौर दिनांक** 16/6/23

प्रतिलिपिः–

1/ संचालक लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र.भोपाल।
2/ कलेक्टर जिला इन्दौर
3/ संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इन्दौर।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला इन्दौर

Scanned with OKEN Scanner

//दिशा–निर्देश//

मुख्यमंत्री बालिका–बालक स्कूटी योजना अंतर्गत विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य लॉगिग पर लिंक उपलब्ध कराई गई है उक्त लिंक के अंतर्गत आपको आपके जिले में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में टॉप करने वाले बालक/बालिकाओं की जानकारी दिए गए लिंक पर उपलब्ध कराई जाना है जिस के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश नीचे दीये गये हेः–

माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा सी–2047 दिनांक 01 मार्च 2023

"शासकीय स्कूल में 12वीं में टॉप करने पर विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क ई–स्कूटी योजना "

- **योजना का स्वरूपः–**

  छात्राऐं योजना अंतर्गत पात्र होगी जो प्रदेश के शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल (एम.पी.बोर्ड) द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित हायर सेकण्ड्री (कक्षा 12वीं) में अपनी शाला में टॉप किया हो ।

- विमर्श पोर्टल पर आर.एम.एस. लॉगिन के अंतर्गत मुख्यमंत्री बालिका–बालक स्कूटी योजना अंतर्गत शाला का डाईसकोड, शाला का नाम, मंण्डल कोड एंव शाला का प्रकार अंकित किया जाना है। शाला के प्रकार में कन्या शाला/बालक शाला/सह–शिक्षा का चयन किया जाना है।
- शाला के छात्र–छात्राओं के नाम के साथ उनकी जन्मतिथि एवं कक्षा 12वीं के अंकसूची पर अंकित अनुक्रंमाक एवं कुल प्राप्तांक दिये जाने है।
- इसके उपरांत शाला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली 01 छात्रा और 01 छात्र का नाम एवं मैरिट नं. अंकित किया जाना है।

  उदाहरण– अगर शाला सह–शिक्षा है तो कक्षा 12 वीं में किसी भी संकाय में सर्वोच्च अंक लाने वाली एक (01) बालिका एवं सर्वोच्च अंक लाने वाला एक (01) बालक जो कि शाला में प्रथम स्थान पर है (समस्त संकाय को सम्मिलित करते हुए) इस प्रकार कुल 02 दो छात्रों की जानकारी अंकित की जाना है। अगर 01 से ज्यादा छात्रों के सर्वाधिक अंक समान है तो शाला स्तर पर सभी को ई–स्कूटी प्रदान की जाएगी।

- सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बालक–बालिकाओं के माता–पिता का नाम एवं वर्तमान निवासरत पता भी अंकित किया जाना है।
- मुख्यमंत्री बालिका–बालक स्कूटी योजना अंतर्गत निःशुल्क ई–स्कूटर अथवा आईसीईएस (मोटरराईढ) स्कूटर प्रदाय किये जाने हेतु यदि आपका ड्रायविंग लाईसेंस (उपलब्ध है,तो) ड्रायविंग लाईसेंस के नंबर को भी अंकित किया जाना है।
- यदि जानकारी गलत दर्ज हो गई है तो गलत रिकॉर्ड के सामने दिए गए चेक बॉक्स पर टिक करके ऊपर दिये गये Delete Selected Record लिंक बटन पर क्लिक कर जानकारी को हटायें।

  उक्त जानकारी हायर सेकेण्डरी शाला प्राचार्य द्वारा विमर्श पोर्टल पर अपने लॉगिन से अंकित की जाएगी। जिसका प्रमाणीकरण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

मुख्यमंत्री बालिका-बालक स्कूटी योजना-2022-23

कक्षा 12 वी में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा की जानकारी दर्ज करे।

Dise : 23320303020

School Name : GOVT HSS GIRLS, BARKHEDA, BHEL

Mandal Code:

School Type:

आपके विद्यालय में सभी संकाय मिलाकर (Overall Topper) प्रथम स्थान प्राप्त छात्र एवं छात्रा की जानकारी दर्ज करें। अंक समान होने की स्थिति में एक से अधिक छात्र एवं छात्रा की जानकारी दर्ज की जा सकती है। छात्र / छात्रा का नाम 12 वीं की अंकसूची अनुसार दर्ज करें।

Student Name :

Gender :

Date of Birth:- (DD/MM/YYYY)

Roll No:

Total Marks Obtained:

Student's Merit Position in School:

Student Stream:

Scanned with OKEN Scanner